सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

**30 मई से शुरू होगा गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट।**

**राज्यपाल ने कर्टेन रेजर में दी जानकारी।**

**20वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट में 177 गोल्फर्स कर रहे हैं प्रतिभाग।**

**पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ–साथ गोल्फ में महिलाओं, युवाओं और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करना है उद्देश्य– राज्यपाल।**

**राजभवन नैनीताल 29 मई, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन नैनीताल में आयोजित गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि 20वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट 30 मई से 1 जून, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देशभर के विभिन्न राज्यों से 177 गोल्फर द्वारा पंजीकरण किया गया है। इस वर्ष टूर्नामेंट में एशियाई खेलों के (गोल्फ) स्वर्ण पदक विजेता एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित श्री अमित लूथरा, तथा भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान, पद्म श्री एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित श्री जफर इकबाल भी भाग ले रहे हैं, जिससे टूर्नामेंट के उत्साह में और अधिक वृद्धि हुई है।

राज्यपाल ने कहा कि गोल्फ टूर्नामेंट में इस वर्ष 06 वर्ष के बच्चे से लेकर 80 वर्ष तक के सुपर वेटरन प्रतियोगिता का हिस्सा बन रहे हैं। प्रतियोगिता में सुपर वेटरन कैटेगरी 75 वर्ष से अधिक आयु के 06, वेटरन (65 से 75) आयु वर्ग के 32, सामान्य वर्ग के 95, महिला वर्ग के 11 खिलाड़ी, जूनियर गोल्फर्स 33, जिसमें 19 बालक और 14 बालिका खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं, जो इस गोल्फ के प्रति उनके जुनून को दर्शाता है।

राज्यपाल ने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य नैनीताल में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही महिलाओं, युवाओं और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स का नैसर्गिक सौंदर्य देशभर के गोल्फ खिलाड़ियों को आकर्षित करता है। टूर्नामेंट में भाग लेने के साथ ही खिलाड़ी उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन स्थलों का भी प्रचार–प्रसार करते हैं। उन्होंने बताया कि एक अनूठी पहल के तहत गोल्फ कोर्स के 18 होल्स के नाम प्रसिद्ध हिमालयी पर्वत श्रृंखलाओं एवं नदियों के नामों पर रखे गए हैं, जो न केवल खिलाड़ियों को एक सांस्कृतिक अनुभव देगा, बल्कि उत्तराखण्ड की विरासत को भी उजागर करेगा।

राज्यपाल ने कहा कि इस प्रतियोगिता के प्रति प्रतिभागियों में लगातार उत्साह बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गोल्फ के माध्यम से स्कूली बच्चों को खेलों से जोड़ने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। हाल ही में इंटर स्कूल गोल्फ टूर्नामेंट और प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बेटियों सहित कई स्कूलों के छात्रों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स के आसपास का क्षेत्र बर्ड वॉचिंग के लिए भी अनुकूल है, जहां पक्षियों की 160 से अधिक प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जो इस स्थल की सुंदरता को और भी बढ़ा देती हैं।

राज्यपाल ने कहा कि ”उत्तराखण्ड की पुण्य भूमि, जो देवभूमि के रूप में जानी जाती है, अब ‘खेलभूमि’ बनने की दिशा में भी अग्रसर है।” राज्य सरकार द्वारा खेलों के बुनियादी ढांचे के विकास, खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति, प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं के अवसर प्रदान करने हेतु अनेक महत्त्वपूर्ण पहलें की गई हैं। हाल ही में उत्तराखण्ड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ियों ने 100 से अधिक पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

राज्यपाल ने गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट में सहयोग प्रदान करने वाले प्रायोजकों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। इस वर्ष इंडियन ऑयल, पर्यटन विकास परिषद, खेल विभाग उत्तराखण्ड, ओएनजीसी, हीरो ग्रुप, सिडकुल, आदित्य बिरला ग्रुप, अशोक लीलैंड, टाटा मोटर्स, मिल्टन ग्रुप, एसबीआई, टीएचडीसी, ट्राइडेंट, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, यूपीईएस यूनिवर्सिटी, डीआईटी यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने सहयोग किया है।

राजभवन गोल्फ क्लब के कैप्टन कर्नल विवेक भट्ट ने जानकारी दी कि यह प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी, जिसमें कुल 177 गोल्फर विभिन्न श्रेणियों में भाग लेंगे जिनमें सुपर वेटरन, वेटरन, सामान्य, महिला तथा जूनियर कैटेगरी शामिल हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ 30 मई को प्रातः 8:30 बजे राज्यपाल द्वारा टी–ऑफ के साथ किया जाएगा।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री रविनाथ रामन, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, परिसहाय श्री अमित श्रीवास्तव, मेजर सुमित कुमार, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, एवं संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

............0............